Total number of printed pages–4

**3 (Sem–5/CBCS) HIN HC 1**

**2025**

# HINDI

(Honours Core)

Paper : HIN–HC–5016

*(हिन्दी निबंध एवं अन्य गद्य-विधाएँ)*

*Full Marks : 80*

Time : Three hours

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) ललित निबंध किसे कहते हैं?

(ख) सुभान खाँ का एक अरमान क्या था?

(ग) 'त्रिशंकु' किसके निबंध-संग्रह का नाम है?

(घ) सुफेद भेड़ों का मालिक कौन है?

(ङ) भक्तिन का वास्तविक नाम क्या है?

(च) 'तुम्हारी स्मृति' किस विधा की रचना है?

(छ) पठित पाठ के आधार पर बताइए कि खड़ी बोली के अतिरिक्त महाकवि प्रसाद किस भाषा के काव्य के मर्मज्ञ थे?

(ज) निबंधकार ने किसे "हजारों वर्ष के उतार-चढ़ाव का निर्मम साथी" कहा है?

(झ) 'चिंतामणि' शीर्षक निबंध-संग्रह में किसके निबंध संकलित हैं?

(ञ) सरदार पूर्ण सिंह किस युग के निबंधकार हैं?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) भक्तिन के संदर्भ में हनुमान जी का उल्लेख क्यों हुआ है?

(ख) सौगात के रूप में सुभान दादा क्या-क्या लाए थे?

(ग) तांडव नृत्य से तंडु मुनि का क्या संबंध है?

(घ) किसान को ब्रह्मा के समान क्यों माना गया है?

(ङ) 'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है'— यहाँ 'राम' किसका प्रतीक है?



3. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

(क) माफ कीजिए! दूर-नजदीक की बात नहीं है, बात है हिम्मत की, ताकत की। छावनी में आप नहीं जाते हैं, इसलिए कि वहाँ सीधे तोप के मुँह में पड़ना होगा। यहाँ मुसलमान एक मुट्ठी है ; इसलिए आप टूटने को उतावले हैं।

***अथवा***

(ख) मन फिर घूम गया कौसल्या की ओर, लाखों-करोड़ों कौसल्याओं की ओर और लाखों-करोड़ों कौसल्याओं के द्वारा मुखरित एक अनाम-अरूप कौसल्या की ओर, इन सबके राम वन में निर्वासित हैं, पर क्या बात है कि मुकुट अभी भी उनके माथे पर बँधा है और उसी के भीगने की इतनी चिंता है?

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं चार*** के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 5×4=20

(क) निबंध के तत्त्वों का खुलासा कीजिए।

(ख) भक्तिन की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

(ग) "अलबत्त महादेव इन देवताओं से भिन्न थे।" किस संदर्भ में महादेव अन्य देवताओं से भिन्न हैं?

(घ) करुणा और क्रोध में निहित अंतर को स्पष्ट कीजिए।

(ङ) "मुझे तो मनुष्य के हाथ से बने हुए कामों में उनकी प्रेममय पवित्र आत्मा की सुगंध आती है।" निबंधकार को ऐसा क्यों लगता है?

(च) संम्परण और रेखाचित्र में क्या अंतर है? स्पष्ट कीजिए।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से *किन्हीं तीन* के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×3=30

(क) 'पीपल' शीर्षक रचना के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'तुम्हारी स्मृति' नामक पाठ के कथ्य का उल्लेख करते हुए उसके अभिव्यक्ति पक्ष पर चर्चा कीजिए।

(ग) " 'देवदारु' एक उच्चकोटि का आत्मपरक ललित निबंध है।" प्रस्तुत कथन का विवेचन कीजिए।

(घ) सामाजिक जीवन में करूणा के महत्त्व का प्रतिपादन कीजिए।

(ङ) पठित निबंध के आधार पर महाकवि जयशंकर प्रसाद के व्यक्तित्व के विविध पक्षों पर प्रकाश डालिए।

(च) हिन्दी निबंध के उद्भव और विकास पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

———